प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शिविर का समापन

विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात–दिवसीय विशेष शिविर का सफतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. मालविका दास, अधिष्ठात्री, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय तथा विशिष्ट अतिथि डा. अभिषेक तोमर, समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, पंतनगर विश्वविद्यालय रहें। इस अवसर पर अतिथियों ने स्वयंसेवकों की प्रशंसा की एवं चरित्र निर्माण, उदारता एवं समाज को समझने पर जोर दिया। कार्यक्रम अधिकारी, डा. आशुतोष मिश्रा ने बताया कि इस विशेष शिविर में स्वंयसेवकों ने दृढ़ता से कार्य किया। इस सात–दिवसीय विशेष शिविर में स्वयंसेवकों ने बेनी गांव में ”स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत स्वच्छता” से सम्बंधित सर्वे किया एवं लोगों को स्वस्थ रहने एवं स्वच्छता रखने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक, रैली तथा वार्तालाप के द्वारा लोगों के बीच स्वच्छता का संदेश पहुंचाया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के बीच प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जिसमें बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्वयंसेवकों ने बच्चों को पढ़ाया एवं उनके साथ खेल भी खेले। इस शिविर के दौरान डा. भुपेन्द्र सिंह ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं लोगों को स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारी दी। इसके साथ–साथ श्री हरेन्द्र सिंह ने लोगों को योग एवं आयुर्वेद का महत्व बताया। उन्होंने लोगों को स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारी दी एवं लोगों को स्वस्थ्य रहने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। सौम्या सिंघल ने इस विशेष शिविर के दौरान प्रत्येक दिन की रिपोर्ट देने का कार्य किया। इस अवसर पर डा. राजेश, हार्दिक, मुस्कान आदि मौजूद थे।




*शिविर में बच्चों के साथ विद्यार्थी एवं अन्य।*